09/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ पथप्रदर्शक बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है।

0000000000000000000000

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के मजबूत संकल्प को घर-घर पहुंचाने के लिए उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और विदेश उप सचिव क्रिस्टोफर लैंडौ सहित राजनीतिक और कूटनीतिक नेताओं से मुलाकात के बाद अमेरिका की अपनी यात्रा समाप्त की।

0000000000000000000000

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदर्शन की राजनीति लाकर जिम्मेदार और उत्तरदायी सरकार देकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि इस सरकार ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर एक नया मानदंड स्थापित किया है।

0000000000000000000000

पापुम पारे की नवनियुक्त उपायुक्त आईएएस विशाखा यादव ने आज कार्यभार संभालने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों और डीसी कार्यालय के अधिकारियों से बातचीत की। वे मई में सेवानिवृत्त हुए जिकेन बोमजेन की जगह लेंगी। 2020 बैच की एजीएमयूटी कैडर की आईएएस अधिकारी सार्वजनिक सेवा में अग्रणी हैं। उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें 2024 में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार और 2024 में एक साथ विधानसभा और संसदीय चुनावों के दौरान उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ चुनावी व्यवहार राज्य पुरस्कार शामिल हैं।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिला प्रशासन द्वारा आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में निवर्तमान उपायुक्त तायी ताग्गू के सम्मान में एक भव्य विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया, जो ईटानगर में रुरल डेवेल्पमेंट के डायरेक्टर के रूप में अपनी नई भूमिका संभालेंगे। श्री ताग्गू के प्रयासों ने उन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2022 में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार और डीसी ईस्ट सियांग के रूप में अनुकरणीय लोक प्रशासन में एकमात्र राज्य स्वर्ण पदक पुरस्कार विजेता के रूप में मान्यता दी।

0000000000000000000000

दिवंगत कैप्टन के.के.वेंकटरमण को उनकी पहली पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय पूर्व छात्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष एक पुरुष और एक महिला कैडेट के लिए **"सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट पुरस्कार"** की स्थापना की है। पुरुष वर्ग में 22वीं ए.पी. बटालियन एनसीसी, पासीघाट के **बोमकार ताबा** एवं महिला वर्ग में यह पुरस्कार प्रथम ए.पी. बटालियन एनसीसी, नाहरलागुन की **लुंगखुंग याजी** को दिया गया।

0000000000000000000000

तिरप जिले में स्थित असम राइफल्स द्वारा शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को बोरदुरिया गांव में स्थित **पोआक्काम इंग्लिश स्कूल** को व्हाइटबोर्ड प्रदाना किया गया।

0000000000000000000000

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अरुणाचल प्रदेश चैप्टर और अरुणाचल प्रदेश डॉक्टर्स एसोसिएशन ने रविवार को राजधानी क्षेत्र के सभी प्रमुख अस्पतालों के विशेषज्ञों द्वारा सोपो गांव में दीपक नाबाम लिविंग होम में एक निःशुल्क मल्टीस्पेशियालिटी हेल्थ केम्प का आयोजन किया। जिसमें दीपक नाबाम लिविंग होम के साथ ही आसपास के इलाकों के कई मरीजों को भी केम्प के निःशुल्क सेवाएं प्रदान की गईं।

0000000000000000000000

रविवार को एनजीओ सियांग ट्रस्ट द्वारा लोअर दिबांग वैली जिले के बिजारी में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिससे वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 165 लोग लाभान्वित हुए। सियांग ट्रस्ट द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस क्षेत्र के दूरदराज के गांवों के नागरिकों के लिए भी इसी तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की योजना बनाई गई है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी ने रविवार को अपनी एक सौ तैतालीसवीं मासिक साहित्यिक बैठक का आयोजन किया, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने अपनी लघु कथाएँ और कविताएँ प्रस्तुत की। साथ ही एक शोक सभा में युवा एवं होनहार कवि, लघु कथाकार और एपीएलएस के सक्रिय सदस्य स्वर्गीय **ताइचोप बांगयांग** के निधन पर शोक व्यक्त किया।

00000000000000000000000

डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट का नाम बदलकर भारत रत्न भूपेन हज़ारिका एयरपोर्ट, डिब्रूगढ़ करने के लिए आज असम के दिसपुर में एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र का आयोजन किया गया। सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया और एयरपोर्ट का नाम बदलने के लिए इसे केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने पहले ही इस निर्णय को मंजूरी दे दी है।

00000000000000000000000

भारतीय अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन **शुभांशु शुक्ला** कल शाम पांच बजकर बावन मिनट पर स्पेस एक्स के एक्सिओम-4 मिशन से अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा करेंगे। वे दो सप्ताह तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहेंगे।

00000000000000000000000

और म्यूनिख फुटबॉल एरेना में रोमांचक फाइनल में स्पेन पर पेनल्टी शूट-आउट में 5-3 की जीत के बाद पुर्तगाल **यूईएफए नेशंस लीग** को दो बार जीतने वाली पहली टीम बन गई है।

00000000000000000000000